an>

Title: Need to examine meticulously the emission rate of electro-magnetic radiation by mobile towers in the country.

श्रीमती रक्षाताई खाडसे (रावेर) : टेलिकॉम्यूनिकेशन विभाग के अंतर्गत कार्यरत टर्म सेल ने हाल ही में रेडिएशन नॉर्मस मोबाइल नेटवर्क कवरेज (बीटीएस) के लिए किए गए टेस्टिंग लगभग दो लाख से भी ज्यादा जगहों पर 28 फरवरी, 2015 तक किए गए। आश्चर्यजनक बात यह है कि इस टेस्टिंग के दौरान एक भी प्राइवेट सर्विस प्रोवाइडर नहीं पाया गया जो कि ज्यादा मात्रा में रेडिएशन नॉर्मस प्रसारित कर रहा है। यह टेस्टिंग प्रावधान स्वयं में दक्षतापूर्वक नहीं है क्योंकि इस टेस्टिंग प्रावधान के दरम्यान अधिकारी पहले से ही जहां रेडिएशन नॉर्मस प्रसारित हो रहे है ऐसे किसी भी मोबाइल टॉवर (बीटीएस) की जांच करने हेतु उस प्राइवेट सर्विस प्रोवाइडर को यह बता देता है कि हम जांच के लिए अमुक मोबाइल टॉवर निश्चित स्थान पर अमुक दिन जा रहे हैं। वह स्थान दिखाने के लिए आपको आना है। इस प्रावधान में दक्षतापूर्वक टेस्टिंग नहीं रूटीन टेस्टिंग हो रही है। टेस्टिंग रेडिएशन नॉर्मस प्रसारित करने के लिए टॉवर (बीटीएस) के हवाई अंतर 2 किलोमीटर का लिखित नियम के दरम्यान कोई उल्लंघन करता पाया गया तो उसे जुर्माने के तौर पर जगह पर पांच लाख रूपये के दण्ड का प्रावधान है।

टेलिकम्युनिकेशन विभाग में शायद इलेक्ट्रो मैग्नेटिक रेडिएशन (ईएमआर) जांच करने की टेस्टिंग उपकरण जोकि मोबाइल टॉवर (बीटीएस) की लिखित नियम हवाई अंतर के जगह में आने से ही रिकॉर्ड किया जाए उपलब्ध नहीं है। या तो टेस्टिंग स्टाफ वह टेस्टिंग उपकरण का प्रयोग करता नहीं है या तो करना नहीं चाहता। मोबाइल टॉवर (बीटीएस) के रेडिएशन नॉर्मस से उस जगह में पक्षी तथा अन्य प्राणी मात्रा में भारी कमी महसूस हो रही है और इलेक्ट्रो मैग्नेटिक रेडिएशन (ईएमआर) के प्रभाव से मानवीय जीवन को भी बुरी तरह से बीमारियों का सामना करना पड़ रहा है जोकि आने वाले दिनों में जानलेवा हो सकता है। इस ज्यादा मात्रा में हवाई अंतर में ईएमआर का सीधा परिणाम सरकार की कंपनी बीएसएनएल व एमटीएनएल की सेवा में हो रहा है। जोकि लिखित नियमों का पालन करती है। इस ईएमआर के सर्वे जांच में भी इस रेडिएशन का उचित मात्रा में प्रयोग न करने से मानवीय जीवन पर लंबे समय में होने वाली बीमारियों का सामना करना पड़ेगा। मैं माननीय मंत्री महोदय से अनुरोध करती हूं कि यह ज्यादा मात्रा में ईएमआर रेडिएशन को प्रसारित करने वाले प्राइवेट सर्विस प्रोवाइडर की जांच हाई टैक्नोलॉजिकल उपकरण के प्रयोग से की जाए जिससे मानवीय जीवन पर होने वाली बीमारियों से भी छुटकारा मिले तथा पक्षी एवं अन्य प्राणी जीव भी सुरक्षित रहे और सरकार की कंपनियों को भी उसका सीधा लाभ मिलेगा।